**Laying of Pipe Lines for Distribution of Gas**

3175. SHRI M. VINCENT: Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state:

(a) whether there is any proposal under Government's consideration to lay pipe lines to distribute the gas that is being flared up at the Madras Refineries Ltd. as a fuel gas; and

(b) what would be the quantity of gas that would be flared up after the expansion of the Madras Refineries Ltd.?

THE MINISTER OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (SHRI B. SHANKARANAND): (a) and (b) Fuel gas is used in the refinery furnaces. However, a small quantity is flared for ensuring safety of the refinery and to protect the equipment/personnel in case of sudden upsets or emergencies as per the normal design and operating practice of any refinery. Thus the question of laying pipeline to distribute gas does not arise.

**तेल शोधक कारखानों का आधुनिकीकरण**

3176. **श्री राम अवधेश सिंह** : क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) किन-किन तेल शोधक कारखानों का आधुनिकीकरण किया जाना है ; और कितनी विदेशी और स्वदेशी कंपनियां इस काम में लगाई जा रही हैं ;

(ख) छठी और सातवीं योजनाओं में आधुनिकीकरण पर कुल कितनी राशि व्यय किये जाने का विचार है और आठवीं योजनाअवधि में कितनी धनराशि खर्च की जायेगी ;

(ग) नये तेलशोधक कारखानों की स्थापना पर कितना धन व्यय होने की संभावना है ;

(घ) क्या तेल शोधन के काम में कुछ निजी पक्षों को भी नियोजित किया जा रहा है ; और

(ङ) क्या सरकार आठवीं योजना के दौरान बिहार के छोटा नागपुर क्षेत्र में तेल शोधक कारखाना स्थापित करने का विचार रखती है ?

**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द)** : (क) और (ख) इस समय मद्रास, गोहाटी, कोयाली, बोगाईगांव, दिग्बोई और बरौनी स्थित रिफाइनरियों में विस्तार अडचनों को दूर करने संबंधित कार्य अनुमोदन कार्यान्वयन के विभिन्न स्तरों पर हैं। इन परियोजनाओं पर होने वाला अधिकतर व्यय आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान किया जायेगा इन परियोजनाओं पर छठी और सातवीं योजनाओं के दौरान हुए व्यय के संबंध में जानकारी एकत्र की जा रही है और सदन के पटल पर रख दी जाएगी।

(ग) व्यय किए जाने वाली राशि सरकार द्वारा अनुमोदित परियोजना लागत पर निर्भर करेगी।

(घ) कुछ निजी पार्टियों ने रिफाइनरियों में निवेश करने के लिए रुचि दिखाई है।

(ङ) जी, नहीं।

**दिल्ली में पेट्रोल पम्प**

3177. **श्री आनन्द प्रकाश गौतम** : क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली नगर क्षेत्र में अब तक कितने पेट्रोल पम्प स्थापित किये गये हैं ;

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान कितने पेट्रोल पम्प स्थापित किये गये हैं और इनमें से कितने पेट्रोल पम्प अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के लोगों को आवंटित किये गये हैं ;